डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय ,भदोही
उत्तर प्रदेश
मिशन शक्ति 2025 (फेज-05) **दिनांक : 08/11/2025**
आख्या

विषय : मिशन शक्ति एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में “गुड टच एवं बैड टच” विषय पर एक परामर्श सत्र का आयोजन |

आज दिनांक 8 नवंबर 2025 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में मिशन शक्ति एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में “गुड टच एवं बैड टच” विषय पर एक परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को शारीरिक सुरक्षा, आत्मसम्मान और व्यक्तिगत सीमाओं के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि “गुड टच” वह स्पर्श है जो स्नेह, विश्वास और सम्मान पर आधारित होता है, जबकि “बैड टच” ऐसा स्पर्श है जिससे असहजता, भय या असुरक्षा की भावना उत्पन्न होती है। डॉ. माया ने छात्राओं से अपील की कि वे ऐसी स्थितियों में निडर होकर अपनी सुरक्षा के लिए आवाज उठाएँ और आवश्यक कदम उठाएँ।इस अवसर पर महाविद्यालय की महिला प्राध्यापिकाएं डॉ. अंकिता तिवारी, डॉ. ऋतिक रंजन सिंह, एवं डॉ. शिखा तिवारी उपस्थित रहीं। डॉ. अंकिता तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि “गुड टच” और “बैड टच” की सही पहचान प्रत्येक विद्यार्थी के लिए आवश्यक है ताकि वे अपने आसपास के व्यवहार को समझ सकें और असुरक्षित परिस्थितियों से स्वयं को सुरक्षित रख सकें। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार की अनुचित हरकत या असहज स्थिति में तुरंत अपने परिजनों, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को सूचित करना चाहिए।इस परामर्श सत्र के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने आत्मसुरक्षा, संवेदनशीलता, और सामाजिक जिम्मेदारी की गहरी समझ विकसित की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इस सत्र से सभी प्रतिभागी विद्यार्थी जागरूक, आत्मविश्वासी और सजग हुए। उपर्युक्त कार्यक्रम में 50 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

Maya
प्राचार्य
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही

GPS Map Camera
Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh, India
9hhv+88h, Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh 221401, India
Lat 25.378405° Long 82.59337°
08/11/25 11:08 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh, India
9hhv+88h, Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh 221401, India
Lat 25.378408° Long 82.59336°
08/11/25 11:08 AM GMT +05:30
Google



छात्राओं को किया जागरूक

भदोही। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को मिशन शक्ति और महिला प्रकोष्ठ की ओर से गुड टच- बैड टच विषय पर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया।

शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ.रुस्तम अली ने किया। उन्होने छात्राओं को शारीरिक सुरक्षा, आत्मसम्मान और व्यक्तिगत सीमाओं के प्रति सजग रहने की सलाह दी।

प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि गुड टच वह स्पर्श है जो स्नेह, विश्वास और सम्मान पर आधारित होता है लेकिन बैड टच ऐसा स्पर्श है जिससे असहजता, भय या असुरक्षा की भावना उत्पन्न होती है। मिशन शक्ति प्रकोष्ठ प्रभारी पूनम द्विवेदी ने छात्राओं को सजग किया। इस दौरान डॉ.अंकिता तिवारी, डॉ.ऋत्विक रंजन सिंह व डॉ.शिखा तिवारी मौजूद रहे। संवाद

छात्राओं को बताए गए गुड और बैड टच का अंतर

एसपीएम राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को जागरूक करती मिशन शक्ति प्रभारी पूनम द्विवेदी • जागरण

जासं, भदोही : मिशन शक्ति एवं महिला प्रकोष्ठ की ओर से डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को गुड टच एवं बैड टच विषय पर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डा. रुस्तम अली ने किया। उन्होंने छात्राओं को शारीरिक सुरक्षा, आत्मसम्मान और व्यक्तिगत सीमाओं के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। बताया कि गुड टच वह स्पर्श है जो स्नेह, विश्वास और सम्मान पर आधारित होता है, जबकि बैड टच ऐसा स्पर्श है। इससे भय या असुरक्षा की भावना उत्पन्न होती है।

मिशन शक्ति प्रकोष्ठ प्रभारी पूनम द्विवेदी ने छात्राओं से ऐसी स्थितियों में निडर होकर अपनी सुरक्षा के लिए आवाज उठाने और आवश्यक कदम उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राध्यापिका डा. अंकिता तिवारी, डा. ऋत्विक रंजन सिंह व डा. शिखा तिवारी ने भी विद्यार्थियों को नारी सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। डा. अंकिता तिवारी ने गुड टच और बैड टच की सही पहचान बताई।